# अच्छी गुणवत्ता वाले औषधीय पौधों को प्राप्त करने के लिए नई नर्सरी / नई पौधशालाओं की स्थापना

## मॉडल नर्सरी / मॉडल पौधशालाएं ।

**किसानों को औषधीय पौधों की खेती के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें अच्छी गुणवत्ता वाले औषधीय पौधों की सामग्री की प्राप्ति करने के लिए नई मॉडल नर्सरी / पौधशालाओं को बनाने में सरकार द्वारा सहायता प्रदान की जाती है। मॉडर्न नर्सरी, औषधीय पौधों की खेती करने के लिए अच्छे गुणवत्ता वाले दो से तीन लाख औषधीय पौधों का उत्पादन करेगी। और पौधों की गुणवत्ता भी सुनिश्चित करेंगी।**

## मॉडल नर्सरी को बनाने के लिए जरूरी संरचनाएं (Infrastructure):


- **ग्रीनहाउस / पॉलीहाउस:** पौधों को ज्यादा गर्मी, ठंड, या बारिश से बचाने के लिए ग्रीनहाउस/पॉलीहाउस होना चाहिए।
- **शेडनेट / नेट हाउस** : पौधों को नियंत्रित वातावरण, सुरक्षा और स्वस्थ विकास प्रदान करने के लिए नेट हाउस आवश्यक है।
- **नर्सरी बेड:** उठे हुए बेड (Raised Beds) , प्लास्टिक शीट्स।
- **पानी की व्यवस्था के लिए:** ड्रिप इरिगेशन, स्प्रिंकलर सिस्टम्स ,पानी की टंकी या बोरवेल होना चाहिए।
- **कंपोस्टिंगयूनिट:** जैविक खाद बनाने के लिए कंपोस्टिंग यूनिट होनी चाहिए।
- **स्टोरेज यूनिट:** खाद, बीज, उपकरण और अन्य सामग्री स्टोर करने के लिए स्टोरेज यूनिट होनी चाहिए।
- पॉलीबैग और गमले रखने की जगह ।
- पौधों पर कीटनाशक छिड़काव के लिए उपकरण।
- नर्सरी के अंदर पौधों की देखभाल करने के लिए और परिवहन के लिए रास्ता होना चाहिए।
- खाद और कीटनाशक (ऑर्गेनिक और केमिकल) दोनों प्रकार के होनी चाहिए।


GREEN HOUSE


NET HOUSE


NURSERY BEDS


SPRINKLER



DRIP SYSTEM

- **उपकरण: कुदाल, फावड़ा, कैंची, पाइप, स्प्रेयर , तसला, प्लांटिंग ट्रे , हैंड ट्रॉवल ,प्लास्टिक टब, ट्रॉली, स्प्रेयर, पाइप ,सौर विकिरण (सौर स्टेराइलाइज़ेशन) आदि।**



**मॉडल नर्सरी बनाने के लिए न्यूनतम भूमि : मॉडल नर्सरी को बनाने के लिए कम से कम 4 हेक्टेयर भूमि होनी जरूरी है।**

**वित्तीय सहायता - मॉडल नर्सरी बनाने के लिए**

- **25 लाख रुपए सरकारी क्षेत्र को दिए जाएंगे**
- **12,50,000 लाख रुपए निजी क्षेत्र को दिए जाएंगे।**

| क.स. | प्रोजेक्ट का नाम | न्यूनतम भूमि | वित्तीय सहायता | कौन आवेदन कर सकता है । |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मॉडल पौधशाला | 4 हैक्टेयर | 25 लाख रुपए सरकारी क्षेत्र को दिए जाएंगे । 12,50,000 लाख रुपए निजी क्षेत्र को दिए जाएंगे। | सरकारी तथा निजी (प्राइवेट) क्षेत्र दोनों मॉडल पौधशाला प्रोजेक्ट के लिए आवेदन कर सकते है । |